# पीएम स्वनिधि योजना में हितग्राहियों को 28 लाख दिए



रतलाम @ पत्रिका. पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत स्वनिधि संवाद के राज्य स्तरीय आयोजन द्वारा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार को प्रदेश के स्ट्रीट वेंडर हितग्राहियों के खातों में ऋण राशि जमा करके लाभ प्रदान किया। जिले के 240 हितग्राहियों के बैंक खातों में लगभग 28 लाख रुपए की ब्याजमुक्त ऋण राशि जमा की गई।

बरबड़ विधायक सभागृह में मुख्यमंत्री चौहान का लाइव उद्बोधन देखा, सुना गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सांसद गुमान सिंह डामोर ने कहा कि शासन द्वारा संचालित पीएम स्व निधि तथा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के माध्यम से फेरी लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों का आर्थिक उत्थान किया जा रहा है। इनके व्यवसाय उन्नत हो, जीवन स्तर ऊंचा उठे, इसलिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विधायक चैतन्य काश्यप ने कहा कि पीएम स्वनिधि तथा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना अभिनव योजनाएं हैं। योजनाऐं फेरी लगाकर स्वरोजगार धंधा करने वाले व्यक्तियों के लिए कोरोना काल में संजीवनी साबित हुई है। सांसद डामोर, विधायक काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, भाजपा नेता केके सोनी, अनीता कटारिया, अरुण राव, मयूर पुरोहित तथा योजना के हितग्राही स्ट्रीट वेंडर उपस्थित थे।

# तबेले तोड़े जाएंगे

**रतलाम ●** रतलाम शहर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाली भैंसों पर लगाम लगाने हेतु नगर निगम द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र में भैंसों के तबेलों का सर्वे पूर्ण किया जाकर तबेले संचालकों को तबेले हटाने हेतु चेतावनी दी गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि सभी तबेलों का सर्वे नगर निगम द्वारा कराया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में भैंसों का पालन करना निगम एक्ट के विपरित है, ऐसे भैंस पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले का निर्माण कर भैंसों का पालन कर रहे है वे स्वयं अपने तबेलों को हटाकर शहर से बाहर ले जाए अन्यथा निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जाएगी।

स्वदेश 30

# सैलाना ब्रिज के पास प्रशासन ने कब्जे में ली सरकारी जमीन

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। सैलाना ओवरब्रिज के पास बन रही मल्टी के आगे की खाली सरकारी जमीन पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के आदेश पर निगम व राजस्व अमले ने रविवार को फेंसिंग करवा दी। करोड़ों रुपये की कीमत की करीब 15 हजार वर्गफीट इस जमीन के एक हिस्से पर सड़क भी बना दी गई थी। अब इस जमीन को शासकीय नियमों के मान से नीलाम किया जाएगा।

मालूम हो कि ओवरब्रिज के पास निर्माणाधीन द्वारका रेसीडेंसी बहुमंजिला इमारत में आगे की खाली जमीन में सड़क बनाई गई है। इसमें निजी व शासकीय जमीन दोनों शामिल है। शासकीय जमीन को दस्तावेजों में आम रास्ते के रूप में दर्शाया गया था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासकीय भूमि को भी प्रोजेक्ट में शामिल किए जाने की जानकारी मिलने के चलते एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, टीएनसीपी सहायक संचालक जीएल वर्मा की कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए थे। कमेटी की रिपोर्ट में आगे की करीब 15000 वर्गफीट जमीन शासकीय होने की बात सामने आई, वहीं प्रोजेक्ट में इस जमीन को शासकीय रास्ता भी बताया गया है।

**बारिश के दौरान शुरू हुआ काम**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के आदेश पर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी मय अमले के दोपहर चार बजे मौके पर पहुंचे। इस दौरान बारिश होने से कुछ देर रुकने के बाद यहां बनी सीसी रोड पर गड्ढे कर पाइप लगाकर फेंसिंग करने का काम शुरू किया गया जो रात करीब नौ बजे तक चला। नगर व ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत नक्शे में इस भूमि का उपयोग किया गया या नहीं, इसकी जांच भी की जा रही है। यदि नक्शे में भूमि शामिल हुई तो पूरे प्रोजेक्ट पर असर आ सकता है। दरअसल रिक्त पड़ी भूमि को सैलाना मार्ग की भूमि व आम रास्ता दिखाया गया है, जबकि यहां आगे कोई आवास नहीं है। प्रशासन का मानना है कि पास में बने रेलवे क्वार्टर के लिए अलग से रास्ता है, ऐसे में इस भूमि को किसी एक व्यक्ति के लिए खाली नहीं छोड़ा जा सकता है।

> ब्रिज के पास की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न हो, इसके लिए फेंसिंग करवा दी है। यदि इस भूमि से संबंधित कोई नक्शा स्वीकृत किया गया हो तो उस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई होगी। – **कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर**

> बिल्डिंग की सभी परमिशन ली गई है। हमारी बिल्डिंग की सड़क निजी भूमि पर ही है। स्वामित्व को लेकर भी कोई विवाद नहीं है। आगे की जमीन 1956 से आम रास्ते के रूप में दर्ज है।
>
> **जितेंद्र नागल, डेवलपर, द्वारका रेसीडेंसी**

पत्रिका 30

### महिला और पुरुष का अलग से रहेगा वार्ड, जिला अस्पताल से भी बुलाई जाएगी दवाएं

# डेंगू के बढ़ते मामले : आज से मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में मरीज होंगे भर्ती

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जिले में बढ़ते डेंगू के मामलों से निपटने के लिए अब मेडिकल कॉलेज को मरीजों को स्वस्थ करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अस्पताल में कम पड़ती जगह के चलते अब सोमवार से मेडिकल कॉलेज में डेंगू के मरीजों को भर्ती किया जाएगा। इसके लिए यहां पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है। सब कुछ ठीक रहा तो सोमवार से मरीजों को भर्ती करने की प्रक्रिया यहां शुरू हो जाएगी।

मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए आवश्यक दवाओं का इंतजाम करना भी शुरू हो गया है। कुछ दवाई तो यहां पूर्व से उपलब्ध है लेकिन कुछ और जो जरूरत की दवा भी नहीं है, दरअसल मेडिकल कॉलेज का अस्पताल शुरू नहीं होने के कारण दवाओं का टोटा बना हुआ है।

## ठीक से नहीं निभा रहे जिम्मेदारी

शहर सहित जिलेभर में डेंगू अब तेजी से पैर पसारने लगा है। हर दिन दो से चार डेंगू पॉजिटिव केस सामने आने लगे हैं। ऐसे में जिम्मेदार हैं कि सिर्फ इससे बचाव के नाम पर खानापूर्ति करते ही नजर आ रहे हैं। डेंगू के लगातार बढ़ते खतरे के बाद भी जिन हाथों में सफाई व्यवस्था का जिम्मा है, वह इसे ठीक तरीके से नहीं निभा पा रहा है जिसके चलते डेंगू तेजी से पैर पसारने लगा है।

## पानी से भरे गड्ढे पनपा रहे बीमारी

शहर के तंग इलाकों के साथ ही पॉश कॉलोनी के लोग भी डेंगू के खतरे से जूझ रहे है। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर निगम का दवा छिड़काव करने वाला अमला भी फिलहाल खानापूर्ति करते ही नजर आ रहा है। कॉलोनियों में घर के पास खाली पड़े प्लॉट में बारिश का पानी जमा होने से उसमें मच्छर पनप रहे हैं जिससे कि आसपास के लोगों में बीमारी का खतरा और अधिक बढ़ने लगा है।

## निजी अस्पतालों पर भी नजर

डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच अब स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों के साथ ही शहर सहित जिलेभर में स्थित निजी पैथोलॉजी लैब पर भी नजर रखना शुरू कर दी है। सभी को निर्देश जारी किए कि निजी अस्पतालों में भर्ती मरीज और पैथोलॉजी लैब में जांच के लिए आने वाले नमूनों में डेंगू की पुष्टि होने के बाद उसकी जानकारी तत्काल स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग को उपलब्ध करानी होगी।

## गांव में दे रहे दस्तक

अब ग्रामीण अंचलों में भी डेंगू के मरीज सामने आने के बाद जिस गांव में मरीज मिल रहा है वहां स्वास्थ्य विभाग की टीम दवा छिड़काव करने पहुंच रही है। साथ ही पूरे गांव में यह सर्वे किया जा रहा है कि कहीं किसी घर में कोई व्यक्ति सर्दी, खासी, बुखार से पीड़ति तो नहीं है। वहीं घरों में पानी से भरे रखे बर्तनों की भी जांच की जा रही है कई उन में डेंगू का लार्वा तो नहीं पनप रहा है।

डेंगू के मरीजों के उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में महिला और पुरुष के दो वार्ड तैयार किए गए है। संभवत: सोमवार से मरीजों का उपचार यहां शुरू कर दिया जाएगा। गंभीर बीमार मरीजों को यहां भर्ती करके उनका उपचार किया जाएगा।

**- डॉ. जितेंद्र गुप्ता**, डीन, शासकीय मेडिकल कॉलेज, रतलाम

भास्कर 30

# मेडिकल कॉलेज में होगा डेंगू का इलाज

## दो दिन में इलाज की संभावना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू के केस लगातार बढ़ रहे हैं। आंकड़ा अब 180 पर आ गया है। इधर मरीजों के लिए राहत की बात यह है कि अब मेडिकल कॉलेज में भी डेंगू का इलाज हो सकेगा। संभवतः सोमवार से इलाज शुरू भी हो जाएगा।

जिले में डेंगू के मामले तेजी से बढ़े हैं। जिले में रोज 4 या 5 पॉजिटिव सामने आ रहे हैं। ये वे लोग हैं जो सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हैं, इसके अलावा ऐसे भी हैं जिनके प्लेटलेट्स लगातार कम हो रहे हैं। डेंगू के लगातार बढ़ते मामलों को लेकर अब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासकीय मेडिकल कॉलेज में डेंगू की व्यवस्था की है। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया डेंगू मरीजों के उपचार के लिए अलग से वार्ड भी तैयार कर लिया गया है। स्त्री-पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग भर्ती व्यवस्था की गई है। पैरामेडिकल स्टाफ को भी तैनात किया गया है।

## अभी कोविड हॉस्पिटल है कॉलेज

मेडिकल कॉलेज अभी जिले का कोविड हॉस्पिटल है। दो साल पहले जब कोरोना का प्रवेश हुआ था तभी से यहां मरीजों को रखा जा रहा है। इसी साल अप्रैल-मई में तो हालात ऐसे थे जब कॉलेज पूरी तरह फुल हो गया था। एक बार में कोरोना के 550 मरीजों का इलाज हुआ। हालांकि अब कॉलेज दोबारा खाली हो चुका है।

# मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा डेंगू का उपचार

रतलाम। डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने डेंगू मरीजों के उपचार की व्यवस्था शासकीय मेडिकल कॉलेज में की है। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि डेंगू मरीजों के उपचार के लिए पृथक से वार्ड तैयार किया गया है। स्त्री-पुरुष मरीजों के लिए पृथक-पृथक भर्ती व्यवस्था की गई है। पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किया गया है दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। संभवतः सोमवार से मरीजों को भर्ती भी किया जा सकेगा।

## आज जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन नहीं होगा

रतलाम। जिले में कोविड़ वैक्सीनेशन किया जा रहा हैं। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सोमवार को जन्माष्टमी अवकाश होने के कारण जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा। हालांकि जिले में वैक्सीनेशन जारी रहेगा।

## जन्माष्टमी होने से आज नहीं लगेगी वैक्सीन

रतलाम | जिले में सोमवार को कोविड वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया 30 अगस्त को जन्माष्टमी अवकाश होने के कारण वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा।

लापरवाही पर कार्रवाई

# नगर निगम में कारण बताओ सूचना पत्र जारी, 10 का एक दिन का वेतन काटा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम एनयूएलएम विभाग की सामुदायिक संगठिकाओं रविवार सुबह 9 बजे कार्यालय में उपस्थित होने हेतु सूचना दिये जाने के बाद भी 9:30 तक कार्यालय में उपस्थित नहीं होने पर पांच का वेतन काटते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया सामुदायिक संगठिकाओं का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा अनुबंध समाप्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट व डॉ. निर्मला राय का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा अनुबंध समाप्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

निगम आयुक्त झारिया द्वारा रात्री कालीन निरीक्षण के दौरान सैलाना रोड ब्रीज व कालिका माता झाली तालाब क्षेत्र की लाईटें बंद पाई जाने पर प्रकाश प्रभारी एमके जैन का एक दिन का वेतन काटा। इसके अलावा पांजरा पोल कैम्पस में कचरे के ढेर पाये जाने पर वार्ड दरोगा शरद खरे को निलंबित किया गया।

## सेवा से बर्खास्त का पत्र जारी

रात्री कालीन निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कई दुकानों, ठेलो व गुमटियों के सामने कचरा पाये जाने व गंदगी सड़क पर पाई जाने पर संबंधितों पर स्पॉट फाईन नहीं किये जाने पर स्पॉट फाईन दल के कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। कर्मचारी पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, मनोज झांझोट व राकेश ललावत का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## 13 व्यक्तियों पर जुर्माना

शहर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 29 अगस्त को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।खुले में गंदगी करने पर गोपाल, जयेश, सुनील स्टेशन रोड पर 250-250, जीतूबाई धानमण्डी, अरविन्द, मनोज सैलाना बस स्टैण्ड, कमल, प्रदीप दो बत्ती, बद्रीराम फव्वारा चौक, आनन्दश्री पेलेस रोड, प्रमोद परमार पर 100-100 व लोकेश सैलाना ब्रीज पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी सर्वश्री पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा व स्पॉट फाईन दल द्वारा की गई।

पत्रिका/30

...वार, सांवरिया आदि का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर ने सफाई कर्मचारियों की मांगों के संबंध में यूनियन के पदाधिकारियों से की चर्चा

**रतलाम।** नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 22, 6 व 9 सुत्रीय मांगो के संबंध में कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर व निगम प्रशासक पुरूषोतम ने संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति द्वारा सफाई कर्मचारियों की मांगो के संबंध में पृथक-पृथक पत्र प्रस्तुत कर 22, 6 व सुत्रीय मांगो के संबंध में विस्तृत चर्चा यूनियन के पदाधिकारियों से कर विधि सम्मत परीक्षण कर एक माह में प्रतिवेदन देने व आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। चर्चा के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

30-8-21

30/8

## एम-राशन मित्र से ले सकते हैं पात्रता पर्ची

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खाद्य सुरक्षा योजना में हितग्राहियों का सत्यापन चल रहा है। कर्मचारी घर-घर जाकर एम-राशन मित्र एप से सत्यापन कर रहे हैं। उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से एम-राशन मित्र एप स्टाल कर पात्रता पर्ची की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एप में परिवार की समग्र आईडी से लॉगिन करने पर खाद्यान्न की पात्रता, परिवार के सदस्यों की जानकारी तथा परिवार प्रोफाइल की जानकारी मिलेगी।

## सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा 13 को होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सोमवार को सीएम हेल्पलाइन की होने वाली समीक्षा अब मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 13 सितंबर को करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान सुबह 11 बजे से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर से वन-टू-वन चर्चा करेंगे।

## एक और पॉजिटिव मिला, कुल संक्रमित 17504

रतलाम | जिले में रविवार को एक पॉजिटिव मिला है। चार दिन में 2 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। अब कुल संक्रमित 17504 हो गए हैं। रविवार को बजरंग नगर निवासी 15 साल के किशोर की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। इसी के साथ अब जिले में एक्टिव केस 2 हो गए हैं। इससे पहले 26 अगस्त को एक युवक संक्रमित मिला था। हालांकि संक्रमण अभी लगाम में है। मई के महीने में एक दिन में 300 से ज्यादा पॉजिटिव सामने आ रहे थे। रोज 5 से 6 लोगों की मौत भी हो रही थी। अभी 15 जून के बाद से मौत का कोई मामला सामने नहीं आया है।

## कचरे के ढेर मिलने पर वार्ड दरोगा शरद खरे निलंबित

रतलाम | पांजरा पोल कैंपस में कचरे के ढेर पाए जाने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड दरोगा शरद खरे को निलंबित कर दिया है।

इसके अलावा रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान सैलाना रोड ब्रिज और कालिका माता झाली तालाब की लाइटें बंद मिलने पर प्रकाश प्रभारी एमके जैन का एक दिन का वेतन काटा है। इसके अलावा बाजार क्षेत्र में दुकानों, ठेलो व गुमटियों के सामने कचरा व गंदगी मिलने पर स्पॉट फाइल दल पर भी कार्रवाई की है। दल के पवन झांझोट, आकाश शिंदे, मनोज झांझोट व राकेश ललावत का एक दिन का वेतन तो काटा ही है। साथ ही सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस भी जारी किया है।

## अपने घर के लिए पी.एम. आवास योजना से मिली मदद हितग्राहियों के चेहरे पर झलकी खुशी

रतलाम 28 अगस्त 2021/ रतलाम के बरबड विधायक सभागृह मे मौजूद प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों के चेहरे खुशी से चमक रहे थे, जब मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा योजना के तहत हितग्राहियों के खातों में राशि जमा की गई। कार्यक्रम में 60 हितग्राहियों के खातों में 40 लाख 50 हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री द्वारा जमा की गई। इनमें द्वितीय किश्त की 21 लाख रुपए की राशि 21 हितग्राहियों के खाते में जमा की गई। तृतीय किश्त की 19 लाख 50 हजार रुपए की राशि 39 हितग्राहियों के खातों में जमा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृष्णाबाई पति बसन्तीलाल ने खुशी से बताया कि उनका मकान विनोबा नगर में बनकर तैयार हो चुका है। उनको आज अंतिम किश्त भी मिल चुकी है। विनोबा नगर की मुन्नीबाई, बाबूलाल राजोदिया को भी द्वितीय किश्त की राशि मिल गई है, उनका मकान भी निर्माणाधीन है। विनोबा नगर के जगदीश बौरासी का मकान भी बनकर तैयार हो रहा है। उनके खाते में अंतिम किश्त की राशि कार्यक्रम के दौरान डाली गई।

[illegible] 30

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितंबर को

**बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन मामले निराकरण के लिए रखे जाएंगे**

भोपाल, (प्रसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रदेश में शनिवार 11 सितंबर को उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण के लिए रखे जाएंगे।

नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पांच किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान से चूक किये जाने पर निर्धारित आदेश जारी तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्ति के बाद 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारित आदेश जारी तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्ति के बाद 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

नेशनल लोक अदालत में मप्र नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर एवं जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में बकाया राशि अनुसार अधिभार में 25 से 100 प्रतिशत तक की छूट (शर्तों के अधीन) घोषित की गई है। यह छूट 11 सितम्बर के बाद समाप्त हो जावेगी। ऐसे इच्छुक पक्षकारगण जो न्यायालय में लंबित एवं मुकदमेबाजी के पहले प्रिलिटिगेशन प्रकरण उपरोक्त प्रकार के चिन्हित किए गए प्रकरणों व विवादों का उचित समाधान कर आपसी सहमति से लोक अदालत में निराकरण कराना चाहते हैं वे संबंधित न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय विधिक सेवा समित व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर अपना मामला लोक अदालत में रखने के लिये अपनी सहमति व आवश्यक कार्यवाही 11 सितंबर के पहले पूर्ण कराएं, ताकि सुविधानुसार मामला नेशनल लोक अदालत में निराकृत किया जा सके।

२१५ 30

# मौसम की बदलाव से फैल रहा वायरल.

## कागजों पर ही उड़ रहा मलेरिया विभाग और नगर निगम का धुआं और दवा

***अस्पतालों में मौसमी बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं। वजह मौसम की बेरुखी तो साफ पानी में लार्वा का पनपना बताया जा रहा है। नगर निगम दवा और धुआं करने वाली टीम नगर में नजर नहीं आ रही है।***

**रतलाम, नप्र।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए सेहत महकमे को तैयारियों के साथ तैयार रहने के लिए सचेत कर दिया है लेकिन रतलाम में वायरल के साथ डेंगू ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। क्लिनिक और निजी अस्पतालों के अलावा सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की कतार इसका सबूत है। वायरल की वजह मौसम की बेरुखी बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि मौसम साथ नहीं दे रहा है। मौसम की बेरुखी की बजह से ही वायरल फैल रहा है। सर्दी-खांसी और बुखार के मरीज बढ़ने लगे है। डेंगू भी डरा रहा है। मरीजों को प्लेटलेट्स इस कदर गिर रहे है कि फिर अस्पताल में भर्ती होने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। डेंगू प्रकोप को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने मरीजों के उपचार का इंतजाम शासकीय मेडिकल कॉलेज में करवाया है। मेडिकल कॉलेज में डेंगू मरीजों के उपचार के लिए अलग से वार्ड बनाया है। जहां महिला और पुरुषों को भर्ती करने के लिए अलग-अलग इंतजाम करने के साथ ही पैरामेडिकल स्टॉफ भी तैनात किया है। आज से यहां मरीजों का इलाज संभव हो सकेगा। वैसे देखा जाए तो फैलते वायरल को लेकर नगर निगम का अमला ठीक से काम करता दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे समय में सफाई व्यवस्था पर जहां गंभीरता दिखाना चाहिए वहां इस विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। निगम में दवा और धुआ करने वाली की की टीम भी हैं और इसके संसाधन भी हैं लेकिन दवा और धुआं करने वाली टीम नगर में कहीं से कहीं तक नजर नहीं आ रही है। शहर में फागिंग मशीन वाला वाहन तो घूमता नजर आता है लेकिन मशीन को अब तक तो कहीं पर भी धुआं उगलता नहीं देखा गया। और नहीं पीठ पर दवा की टंकी टांगकर दवा छिड़कने वाली टीम को दवा का छिड़काव करते देखा गया। हालांकि निगम में कागजों पर सबकुछ हो रहा है दवा का छिड़काव भी हो रहा है और धुआ भी उड़ रहा है। वैसे देखा जाए तो निगम में यह सबकुछ कागजों पर हो रहा है और शहर में बीमारी बढ़ती जा रही है।



मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारी से सचेत करने मलेरिया विभाग भी शहर में विद्यमान है, लेकिन इस विभ सुस्ती दिखाई दे रही है। आगाह किया जा रहा हैं कि घ ही पानी जमा वाली जगहों पर डेंगू पनपता है। इसलिए घ साफ पानी जमा करने में सर्तकता बरती जाए। मकानों की या घरों के अंदर साफ पानी जमा ना होने दे। साफ-सफा भी विशेष ध्यान रखा जाए। बच्चों का इलाज करने वाले डाक्टरों के नर्सिंग होम पर मरीजों की भीड़ देखी जा रह बच्चों के बड़े-बड़े नर्सिंग होम में डेंगू के मरीजों को भर्त इलाज हो रहा है। मौसम के ठंडा गर्म होने से शहर में वा के साथ ही डेंगू भी चल रहा है। नगर निगम प्रशासक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को चाहिए कि शहर में मच्छ खात्मे के लिए बेहत्तर ढंग से फागिंग करवाकर दव छिड़काव करवाएं ताकि लोगों को मच्छरों के साम्राज निजात मिलने के साथ ही वायरल बीमारी और डेंगू बीमारी से भी राहत मिले।

# सूचना के बाद भी नहीं पहुंचीं सामुदायिक संगठिकाएं, नोटिस देने के साथ वेतन काटा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

एनयूएलएम विभाग की पांच सामुदायिक संगठिकाओं का एक दिन का वेतन काटने के साथ नोटिस देने की कार्रवाई हुई है। इन्हें रविवार को सुबह 9 बजे कार्यालय में उपस्थित होने की सूचना दी गई थी। बावजूद इससे 9.30 बजे तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई।

इस पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्रवाई करते एक दिन का वेतन काटने के साथ सेवा अनुबंध समाप्त करने का नोटिस दिया है। कार्रवाई राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, डॉ. निर्मला राय पर की गई है।

# पांच सामुदायिक संगठिकाओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

रतलाम। नगर निगम एनयूएलएम विभाग की सामुदायिक संगठिकाओं को 29 अगस्त को प्रातः नौ बजे कार्यालय में उपस्थित होने हेतु सूचना दिए जाने के बाद भी 9:30 बजे तक कार्यालय में उपस्थित नहीं होने पर पांच सामुदायिक संगठिकाओं का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा अनुबंध समाप्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट व डा. निर्मला राय का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा अनुबंध समाप्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। आयुक्त द्वारा रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान सैलाना रोड ब्रिज व कालिका माता झाली तालाब क्षेत्र की लाइटें बंद पाई जाने पर प्रकाश प्रभारी एमके जैन का एक दिवस का वेतन काटा।

# अब नहीं रुकेगा काम : सितंबर में पूरा हो जाएगा सैलाना बस स्टैंड-कॉन्वेंट तिराहा फोरलेन

रतलाम | सितंबर में सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट तिराहा तक 1720 मीटर लंबा सिटी फोरलेन बनकर तैयार हो जाएगा। वर्तमान में कॉन्वेंट स्कूल तिराहा से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक के 720 मीटर लंबा फोरलेन बनाने का काम चल रहा है। इसमें भी कॉन्वेंट स्कूल से सब्जी मंडी तक लगभग 550 मीटर का सीमेंट कांक्रीट हो चुका। अगले 10 से 12 दिन में सीसी वर्क चौराहा तक पूरा हो जाएगा। इधर दो बत्ती चौराहा से डाट की पुल तक टू लेन निर्माण पूरी रफ्तार से चल रहा है। यातायात बंद होने से ठेकेदार को बेस तैयार करने में परेशानी नहीं आ रही है। काम इसी तरह चलता रहा तो एक सप्ताह में आधार तैयार होने के बाद सीसी वर्क शुरू हो जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के समय सीमा के अनुसार काम तेजी से करवाने के लिए कमिश्नर सोमनाथ झारिया खुद इंजीनियरों से डेली अपडेट लेकर मॉनीटरिंग कर रहे हैं। आयुक्त झारिया ने बताया अब काम सड़क पूरी बनने के बाद ही रुकेगा। ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दे दिया गया है।

भास्कर 30




दो बत्ती से डाट की पुल तक का काम सिटी फोरलेन प्रोजेक्ट के तहत जारी है।

## 390 मीटर सड़क बनना बाकी

लगभग साढ़े तीन साल पहले बनी मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना 390 मीटर सड़क बनने के बाद पूरी होगी। इसमें 170 मीटर महाराजा सज्जन सिंह चौराहा से सब्जी मंडी तक फोरलेन और 220 मीटर दो बत्ती से डाट की पुल तक टू लेन शामिल हैं। शहर सराय से न्यू रोड चौराहा तक लगभग 850 मीटर लंबा टू लेन और सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहा तक लगभग 1000 मीटर लंबा फोरलेन पहले ही बन चुका है।

# जर्जर सड़क को श्रद्धांजलि देकर की महाआरती

**रतलाम।** देवरादेवनारायण नगर की जर्जर सड़क की ओर ध्यान दिलाने के लिए रविवार को पूर्व पार्षद अदिति दवेसर व बबीता नागर द्वारा सड़क को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। नारेबाजी कर क्षेत्र में स्थित मंदिर में महाआरती की गई। इस दौरान बबीता चौरसिया, मधुबाला मालवीय, मधु सिसौदिया, मीना शर्मा, कुसुम भाना, सुशीला यादव, उर्मिला यादव, सरोज कोटिया, ममता नारोलिया राजकुमारी शर्मा, अंजू महावर, मीना महावर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। दवेसर व नागर ने बताया कि देवरादेव नारायण नगर में पानी की टंकी के सामने वाला मार्ग दस साल पहले बना था। नगर निगम द्वारा रखरखाव नहीं करने से मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया है। कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराने श्रद्धांजलि व महाआरती का आयोजन किया गया है।



देवरादेवनारायण नगर की जर्जर सड़क को श्रद्धांजलि देती हुई महिलाएं। नईदुनिया

### निगम ने हटाकर की तार फैसिंग

# द्वारका रेसीडेंसी ने किया था अवैध कब्जा



रतलाम. कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम ने रविवार शाम करीब 4 बजे एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राममंदिर के करीब बन रही द्वारका रेसीडेंसी के करीब की 15 हजार भूमि का अधिग्रहण कर लिया। यह पहले से सरकारी भूमि थी, लेकिन निर्माण करने वाले ने इस पर अतिक्रमण कर लिया था। कलेक्टर ने जांच कमेटी का गठन किया था, कमेटी की रिपोर्ट पर ही कार्रवाई रविवार शाम करीब 4 बजे बाद शुरू हुई।

राममंदिर के करीब चेतक ब्रिज के पास द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण जोरशोर से चल रहा है। यहां पर आरोप है कि निर्माण ऐजेंसी ने सरकारी करीब 15 हजार वर्गफीट भूमि पर अवैध रुप से कब्जा कर लिया था। इसके बाद मामले की जानकारी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को हुई थी।

जांच समिति में शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व टीएनसी के जीएल वर्मा को शामिल किया गया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया कि भूमि शासकीय रिकार्ड में सरकारी है, लेकिन इस पर कतिपय तत्वों ने अवैध रुप से गड्डे कर लिए हैं। इससे ऐसा लगता है कि करीब जो निजी निर्माण हो रहा है उसी के द्वारा किया गया है। इसके बाद ही कलेक्टर ने भूमि पर से अवैध कब्जे हटाने को कहा। इसके बाद रविवार शाम को नगर निगम के लोकनिर्माण विभाग की टीम ने तार फैसिंग सरकारी भूमि पर कर लिया।

4/DM/130

# इंतजार : इस साल अब तक नहीं खुले धोलावड़ डेम के गेट, अब सितंबर में खुलने के आसार

## सामान्य बारिश से पिछड़ने की वजह से यह हाल हुए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में बारिश का दौर अभी थमा हुआ है। सामान्य बारिश से भी हम पिछड़ चुके हैं। कोटा पूरा होने के लिए भी अभी 74.0 मिमी बारिश की जरूरत है। इधर, इस साल धोलावड़ डेम के गेट अब तक नहीं खुल सके हैं, अगस्त के महीने में ये लगातार दूसरा मौका है, जब डेम के गेट नहीं खुले हैं।

हमारे शहर की प्यास बुझाने वाले धोलावड़ डेम में अभी 391.40 मीटर पानी है। डेम की क्षमता 395 मीटर है, ऐसे में इसे फुल होने के लिए 3.6 मीटर पानी की जरूरत है। दो साल में दूसरी बार ऐसा हुआ है, जब अगस्त में डेम के गेट नहीं खुल सके हैं। इससे पहले 2019 में जुलाई के महीने में ही डेम के गेट खोल दिए थे। जब शहरी क्षेत्र में ज्यादा बारिश होती है तो 394.50 मीटर के बाद ही गेट खोलने की तैयारी हो जाती है। कम बारिश होने पर 395 मीटर पर गेट खोल दिए जाते हैं।



शहर में करीब 28 इंच बारिश हो चुकी है और धोलावड़ का जलस्तर 391.40 मीटर हो चुका है और 395 मीटर भरने पर सितंबर में गेट खुलने की उम्मीद है।

## शाम को रिमझिम, लो प्रेशर एरिया से 3 तक रहेंगे बारिश के आसार

शहर में अब बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है। रविवार को शाम को तेज बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक लो प्रेशर एरिया का असर होने के कारण ऐसा हुआ है। अब 3 सितंबर तक बारिश के आसार बने हुए हैं। शाम 5 बजे से शहर में बारिश शुरू हो गई थी, हालांकि बादल सुबह से छाए रहे। रात को उमस भी रही। अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री व न्यूनतम 23.6 डिग्री रहा। शनिवार के मुकाबले दिन के तापमान में 0.8 डिग्री की कमी तो न्यूनतम तापमान में 0.6 डिग्री की बढ़त हो गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री रहा था। मौसम वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया कि लो प्रेशर एरिया का असर हो रहा है। मानसून ट्रफ भी है। ऐसे में आगामी 3 सितंबर तक अच्छी बारिश की उम्मीद कर सकते हैं।

**एक्शन** • राजस्व व निगम ने नपती कर आने-जाने के रास्ते पर लगाईं लोहे की जालियां

# द्वारका रेजीडेंसी का रास्ता बंद

# सरकारी जमीन पर किया निर्माण, उसे रोड बता कर दुकान-फ्लैट बुक किए


## कार्रवाई से निवेशकों और खरीदारों में हड़कंप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सैलाना रोड पर श्री राम मंदिर के सामने द्वारका रेजीडेंसी का रास्ता रविवार को प्रशासन ने बंद कर दिया। कार्रवाई द्वारका रेजीडेंसी फर्म द्वारा बिल्डिंग के सामने वाली 8500 वर्गफीट सरकारी जमीन पर बिना अनुमति निर्माण करने पर की गई है।

रविवार शाम को नगर निगम और राजस्व अमले ने नपती के बाद रेसीडेंसी के सामने लोहे की जाली लगाकर सरकारी भूमि को सुरक्षित कर लिया है। अब सैलाना रोड से रेजीडेंसी आने-जाने का रास्ता नहीं बचा है। इससे निवेशक के साथ खरीदारों में भी हड़कंप मचा हुआ है। फर्म ने इसी पक्के निर्माण को बिल्डिंग के सामने पक्की सड़क बताकर दुकानों, ऑफिस चैंबर और फ्लैट्स की ऊंची कीमतों बुकिंग कर मोटा एडवांस ले रखा है। उधर फर्म संचालकों का कहना है कि 1956 में हुई रजिस्ट्री और तमाम दस्तावेजी कार्रवाई में यहां रोड बताई गई है।

## शिकायत पर कलेक्टर ने कराई थी जांच, सही निकली



निगम व राजस्व अमले ने रेजीडेंसी का रास्ता बंद किया।

ऑइल मिल की जमीन पर बन रही मल्टी को लेकर प्रशासन को शिकायत मिली थी। इस पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच कमेटी बनाई थी। इसमें टीएंडसीपी उपसंचालक जेपी वर्मा, कमिश्नर सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी थे। जांच में शिकायत सही पाई गई। रविवार को नपती करवा कर रेजीडेंसी के सामने फेंसिंग लगा दी गई है। कार्रवाई रेवेन्यू इंस्पेक्टर मेहरबान सिंह मालवीय, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी और नगर निगम की पीडब्ल्यूडी की गैंग ने की।

### इसलिए हुई कार्रवाई

दरअसल सर्वे नंबर 43/1 में 1.710 हेक्टेयर सरकारी जमीन दर्ज है। सर्वे नंबर 43/1131 पर द्वारका रेजीडेंसी बन रही है, जो फर्म के स्वामित्व की है। इस सर्वे नंबर 43/1131 और चेतक ब्रिज के बीच लगभग 15276 वर्ग सरकारी जमीन है। यूं तो फर्म ने विधिवत एमओएस की जगह छोड़कर बिल्डिंग बनाई है लेकिन अपने स्वामित्व वाली खुली जमीन के साथ सरकारी जमीन पर भी सीमेंट कांक्रीट कर दिया।

### बिना नोटिस कार्रवाई, 1956 से आम रास्ता

*प्रशासन ने बिना कोई नोटिस दिए कार्रवाई की है। हमारा पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया। कोई भी दुकान और मकान बनता है तो उसके और सड़क के बीच कुछ सरकारी जमीन होती है। 1956 में हुई रजिस्ट्री के बाद से चली आ रही दस्तावेज कार्रवाई में मल्टी के सामने वाली खुली जमीन पर आम रास्ता बताया गया है।*

**जितेंद्र नागल,** फर्म संचालक-द्वारका रेजीडेंसी

*द्वारका रेजीडेंसी का एप्रोच रोड नहीं है। सामने की सरकारी जमीन पर बिना परमिशन पक्का निर्माण कर सड़क बना दी थी। बिल्डिंग से लेकर कब्रिस्तान तक सैलाना रोड से लगी हुई सरकारी जमीन है। नपती करवाने के बाद रविवार को उसे फेंसिंग कर सुरक्षित कर दिया है। निर्माण कार्य भी रुकवा दिया है। सोमवार को और भी कार्रवाई करेंगे*

**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

भास्कर 30